# <u>महापत्तनों में फरवरी, 2022 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो यातायात</u>

## <u>भारत के महापत्तनों में कुल कार्गो यातायात</u>

समुद्री यातायात का कार्यकलाप विश्व अर्थव्यवस्था नामत: व्यापार एवं आउटपुट में वृद्धि से चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा का आकार मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर होता है।

भारत के 12 महापत्तनों में अप्रैल-फरवरी 2021-22 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात 602.79 मिलियन टन से **अप्रैल- फरवरी, 2021-2022 के दौरान 7.8% तक बढ़कर 649.82 मिलियन टन** हो गया है।

महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 के दौरान संभाले गए 470.09 मिलियन टन से **5.6%** तक बढ़कर अप्रैल- फरवरी, 2021-2022 के दौरान 496.18 मिलियन टन हो गया है। महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल- फरवरी, 2020-2021 के दौरान संभाले गए 132.70 मिलियन टन से **15.8%** तक बढ़कर अप्रैल-फरवरी, 2021-2022 के दौरान 153.64 मिलियन टन हो गया है।

## <u>फरवरी**, 2022 के दौरान पत्तनवार संभाला गया कार्गो**</u>

भारत के महापत्तनों में फरवरी, 2022 के दौरान संभाला गया कार्गो 58.24 मिलियन टन है जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 0.3% की कमी देखी जा सकती है। महापत्तनों में फरवरी, 2022 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो फरवरी, 2021 के दौरान संभाले गए 13.67 मिलियन टन से 3.3% तक बढ़कर फरवरी, 2022 के दौरान 14.12 मिलियन टन हो गया है। तथापि, महापत्तनों में फरवरी, 2022 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो फरवरी, 2021 के दौरान संभाले गए 44.12 मिलियन टन से 1.4% घटकर 44.76 मिलियन टन हो गया है।

- फरवरी, 2022 के दौरान**;** कामराजार पत्तन ने संभाले गए यातायात में 33.1% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, इसके बाद पारादीप पत्तन (9.4%), चेन्नई पत्तन (2.2%), वीओसी पत्तन (0.6%) और विजाग पत्तन (0.02%) आते है। फरवरी, 2022 के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले महापत्तनों में, मुरगांव पत्तन (26.2%), एसएमपी कोलकाता डॉक कॉम्प्लेक्स (17.1%), जेएनपीटी (8.0%), दीनदयाल पत्तन (4.0%) कोचीन पत्तन (2.7%), मुंबई पत्तन (2.2%), एनएमपीटी (2.2%) और एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (1.1%) शामिल हैं।
- 12 महापत्तनों में से, पारादीप पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 17.5% की हिस्सेदारी के साथ 10.18 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की इसके बाद दीनदयाल पत्तन (15.6%), जेएनपीटी (9.9%), विजाग पत्तन (9.3%), मुंबई पत्तन (7.9%), चेन्नई पत्तन (7.0%), एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (6.7%), एनएमपीटी (6.0%), कामराजार पत्तन (5.9%), कोचिन पत्तन (5.2%), वीओसी पत्तन (4.1%), मुरगांव पत्तन (2.7%) और एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (2.3%) आते हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर फरवरी, 2022 में उर्वरक ने 202.5% की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त की है, इसके बाद, परियोजना कार्गो (102.8%), अन्य अयस्क (30.8%), खाद्य तेल (29.7%), अन्य कोयला ने (23.5%), चीनी (17.7), लोहा और इस्पात (16.7%), एफआरएम ड्राई (16.6%), दालों को छोड़ कर खाद्यान्न (12.7%), एलपीजी/एलएनजी (12.1%), एफआरएम लिक्विड (11.8%), पीओएल उत्पाद (9.2%), अन्य सामान (5.5%) तथा पीओएल क्रूड (5.4%) आते है। फरवरी, 2022 में लौह


अयस्क/पेलेटस ने 30.8% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद सीमेंट (23.4%), कोकिंग कोयला (22.2%), कंटेनर (4.4%) और थर्मल कोयला (4.2%) आते हैं।

- विस्तृत सामान के स्तर पर फरवरी, 2022 में कंटेनरों ने 22.5% हिस्से के साथ 13.1 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की है, इसके बाद पीओएल क्रूड (21.1%), थर्मल कोयला (10.6%), पीओएल उत्पाद (8.2%), अन्य सामान (8.6%), लौह अयस्क (7.2%), अन्य कोयला (4.9%), कोकिंग कोयला (4.4%), एलपीजी/एलएनजी (2.4%), लोहा एवं इस्पात (1.6%), खाद्य तेल (1.3%), अन्य अयस्क (1.3%), एफआरएम ड्राई (1.2%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.2%), उर्वरक (1.1%), एफआरएम लिक्विड और दालें (0.9%), चीनी (0.7%), सीमेंट (0.4%), परियोजना कार्गो (0.2%) और दालें (0.2%) आते हैं।

## अप्रैल फरवरी 2021-22 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात

- अप्रैल फरवरी, 2021-2022 के दौरान, महापत्तनों में कामरजार पत्तन ने 55.7% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके बाद जेएनपीटी (19.65%), चेन्नई पत्तन (13.8%), मुंबई पत्तन (13.1%), कोचीन पत्तन (12.5%), दीनदयाल पत्तन (9.1%), वीओसी पत्तन (7.1%), एनएमपीटी (6.7%) और पारादीप पत्तन (0.09%) आते है। अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 की तुलना में अप्रैल-फरवरी, 2021-2022 के दौरान यातायात में नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले महापत्तनों में मुरगांव पत्तन (14.7%) एसएमपी हल्दिया डॉक परिसर (5.9%), और विजाग पत्तन (2.1%) और एसएमपी कोलकाता (0.1%) आते हैं। (तालिका-क)

- अप्रैल- फरवरी, 2021-2022 के दौरान महापत्तनों में 18.0% हिस्से के साथ दीनदयाल पत्तन ने 116.90 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की। इसके बाद पारादीप पत्तन (16.0%), जेएनपीटी (10.6%), विजाग पत्तन (9.6%), मुंबई पत्तन (8.3%), चेन्नई पत्तन (6.8%), एसएमपी हल्दिया डॉक परिसर (5.9%), कामराजार पत्तन (5.3%), एनएमपीटी (5.3%), कोचीन पत्तन (4.8%), वीओसी पत्तन (4.7%), मुरगांव पत्तन (2.5%) और एसएमपी कोलकाता (2.1%) आते हैं। (नीचे दिया गया ग्राफ-।)



## तालिका-क: पत्तन वार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात

(हजार टनों में)

| क्र.सं. | पत्तनों के नाम | | फरवरी, 2021 (पी) | | फरवरी, 2022 (पी) | | (अप्रैल- फरवरी, 2020-2021) पी | | (अप्रैल- फरवरी, 2021-2022) (पी) | | % बदलाव {(कॉ.10/ कॉ.8-1) *100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| | एसएमपी कोलकाता | विदेशी | 5186 | 11.6 | 4763 | 10.8 | 48659 | 10.4 | 46451 | 9.4 | **-4.5** |
| | | तटीय | 401 | 2.9 | 501 | 3.5 | 5987 | 4.5 | 5733 | 3.7 | **-4.2** |
| | | कुल | 5587 | 9.6 | 5264 | 9.0 | 54646 | 9.1 | 52185 | 8.0 | **-4.5** |
| | | विदेशी | 1593 | 3.6 | 1332 | 3.0 | 13194 | 2.8 | 13199 | 2.7 | **0.0** |
| 1 | केडीएस | तटीय | 38 | 0.3 | 20 | 0.1 | 349 | 0.3 | 325 | 0.2 | **-6.9** |
| | | कुल | 1631 | 2.8 | 1352 | 2.3 | 13543 | 2.2 | 13524 | 2.1 | **-0.1** |
| | | विदेशी | 3593 | 8.0 | 3431 | 7.8 | 35465 | 7.5 | 33252 | 6.7 | **-6.2** |
| | एचडीसी | तटीय | 363 | 2.7 | 481 | 3.4 | 5638 | 4.2 | 5409 | 3.5 | **-4.1** |
| | | कुल | 3956 | 6.8 | 3912 | 6.7 | 41104 | 6.8 | 38661 | 5.9 | **-5.9** |
| | | विदेशी | 6315 | 14.1 | 6474 | 14.7 | 75788 | 16.1 | 66826 | 13.5 | **-11.8** |
| | पारादीप | तटीय | 2984 | 21.8 | 3701 | 26.2 | 27120 | 20.4 | 36999 | 24.1 | **36.4** |
| 2 | | कुल | 9299 | 15.9 | 10176 | 17.5 | 102907 | 17.1 | 103825 | 16.0 | **0.9** |
| | | विदेशी | 4115 | 9.2 | 3627 | 8.2 | 48548 | 10.3 | 42955 | 8.7 | **-11.5** |
| | विजैग | तटीय | 1280 | 9.4 | 1769 | 12.5 | 14937 | 11.3 | 19209 | 12.5 | **28.6** |
| 3 | | कुल | 5395 | 9.2 | 5396 | 9.3 | 63485 | 10.5 | 62165 | 9.6 | **-2.1** |
| | | विदेशी | 1456 | 3.3 | 1905 | 4.3 | 12441 | 2.6 | 20086 | 4.0 | **61.5** |
| | कामराजार | तटीय | 1117 | 8.2 | 1519 | 10.8 | 9796 | 7.4 | 14544 | 9.5 | **48.5** |
| 4 | | कुल | 2573 | 4.4 | 3424 | 5.9 | 22237 | 3.7 | 34630 | 5.3 | **55.7** |
| | | विदेशी | 3416 | 7.6 | 3563 | 8.1 | 33661 | 7.2 | 37680 | 7.6 | **11.9** |
| | चेन्नई | तटीय | 568 | 4.2 | 508 | 3.6 | 5066 | 3.8 | 6396 | 4.2 | **26.3** |
| 5 | | कुल | 3985 | 6.8 | 4072 | 7.0 | 38727 | 6.4 | 44076 | 6.8 | **13.8** |
| | | विदेशी | 1502 | 3.4 | 1602 | 3.6 | 18977 | 4.0 | 21176 | 4.3 | **11.6** |
| | वी.ओ.सी. | तटीय | 873 | 6.4 | 787 | 5.6 | 9817 | 7.4 | 9671 | 6.3 | **-1.5** |
| 6 | | कुल | 2375 | 4.1 | 2389 | 4.1 | 28794 | 4.8 | 30847 | 4.7 | **7.1** |
| | | विदेशी | 2052 | 4.6 | 2145 | 4.9 | 17835 | 3.8 | 20540 | 4.1 | **15.2** |
| | कोचिन | तटीय | 1083 | 7.9 | 905 | 6.4 | 9974 | 7.5 | 10755 | 7.0 | **7.8** |
| 7 | | कुल | 3135 | 5.4 | 3050 | 5.2 | 27809 | 4.6 | 31295 | 4.8 | **12.5** |
| | | विदेशी | 2313 | 5.2 | 2678 | 6.1 | 22960 | 4.9 | 25922 | 5.2 | **12.9** |
| | नव मंगलूर | तटीय | 1253 | 9.2 | 810 | 5.7 | 9518 | 7.2 | 8745 | 5.7 | **-8.1** |
| 8 | | कुल | 3566 | 6.1 | 3488 | 6.0 | 32479 | 5.4 | 34667 | 5.3 | **6.7** |
| | | विदेशी | 1954 | 4.4 | 1273 | 2.9 | 18105 | 3.9 | 14508 | 2.9 | **-19.9** |
| | मुरगांव | तटीय | 158 | 1.2 | 285 | 2.0 | 1204 | 0.9 | 1961 | 1.3 | **62.9** |
| 9 | | कुल | 2112 | 3.6 | 1558 | 2.7 | 19309 | 3.2 | 16469 | 2.5 | **-14.7** |
| | | विदेशी | 2574 | 5.8 | 2840 | 6.4 | 26222 | 5.6 | 32105 | 6.5 | **22.4** |
| | मुंबई | तटीय | 2131 | 15.6 | 1761 | 12.5 | 21547 | 16.2 | 21899 | 14.3 | **1.6** |
| 10 | | कुल | 4705 | 8.1 | 4600 | 7.9 | 47769 | 7.9 | 54004 | 8.3 | **13.1** |
| | | विदेशी | 5772 | 12.9 | 5443 | 12.3 | 53243 | 11.3 | 65129 | 13.1 | **22.3** |
| | जेएनपीटी | तटीय | 477 | 3.5 | 306 | 2.2 | 4238 | 3.2 | 3626 | 2.4 | **-14.4** |
| 11 | | कुल | 6249 | 10.7 | 5748 | 9.9 | 57482 | 9.5 | 68756 | 10.6 | **19.6** |
| | केपीटी/ डीपीटी | विदेशी | 8101 | 18.1 | 7803 | 17.7 | 93647 | 19.9 | 102804 | 20.7 | **9.8** |
| | | तटीय | 1347 | 9.9 | 1267 | 9.0 | 13498 | 10.2 | 14100 | 9.2 | **4.5** |
| 12 | | कुल | 9449 | 16.2 | 9070 | 15.6 | 107144 | 17.8 | 116904 | 18.0 | **9.1** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल | विदेशी | 44758 | 76.6 | 44117 | 75.8 | 470086 | 78.0 | 496182 | 76.4 | 5.6 |
| | तटीय | 13672 | 23.4 | 14119 | 24.2 | 132701 | 22.0 | 153639 | 23.6 | 15.8 |
| | कुल | 58430 | 100.0 | 58236 | 100.0 | 602788 | 100.0 | 649821 | 100.0 | 7.8 |

**स्रोत:- पत्तन आंकड़ा प्रबंधन पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी– अनंतिम**

- विस्तृत सामान के स्तर पर अप्रैल-फरवरी, 2021-2022 के दौरान दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने 214.3% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके बाद दाले (140.4%), अन्य अयस्क (52.3%), परियोजना कार्गो (41.5%), थर्मल कोयला (25.1%), कंटेनर (19.1%), पीओएल उत्पाद (14.1%), खाद्य तेल (13.7%), एफआरएम ड्राई (12.5%), अन्य सामान (12.3%), एलपीजी/एलएनजी (8.6%), पीओएल-क्रूड (6.1%), लोहा एवं इस्पात (4.3%) और एफआरएम लिक्विड (3.2%) आते हैं। अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 की तुलना में उर्वरक ने यातायात में 33.8% की सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद लौह अयस्क पेल्लेट्स/फाइन (27.7%), सीमेंट (14.9%), चीनी (12.7%), अन्य कोयला (8.2%) और कोकिंग कोयला (4.5%) आते हैं। **(तालिका-ख)**
- सभी सामानों में अप्रैल- फरवरी, 2021-2022 के दौरान कंटेनर ने 23.4% के हिस्से के साथ 152.34 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो की संभलाई की है। इसके बाद पीओएल-क्रूड (20.0%), थर्मल कोयला (12.3%), अन्य सामान (9.1%), पीओएल उत्पाद (8.5%), लौह अयस्क/पेल्लेट्स (7.0%), कोकिंग कोयला (4.9%), अन्य कोयला (3.1%), एलपीजी/एलएनजी (2.2%), लोहा एवं इस्पात (1.6%), खाद्य तेल (1.6%), एफआरएम ड्राई (1.2%), अन्य अयस्क (1.1%), उर्वरक (1.0%), एफआरएम लिक्विड (0.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.9%), चीनी (0.5%), सीमेंट (0.4%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

**तालिका –ख : महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तु-वार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**


| वस्तु | फरवरी, 2021 | | फरवरी, 2022 (पी) | | (अप्रैल- फरवरी, 2020-2021) | | (अप्रैल- फरवरी, 2021-2022) (पी) | | % बदलाव {(कॉ.8/कॉ.6 -1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| पीओएल क्रूड | 11670 | 20.0 | 12298 | 21.1 | 122765 | 20.4 | 130281 | 20.0 | 6.1 |
| पीओएल उत्पाद | 4354 | 7.5 | 4755 | 8.2 | 48466 | 8.0 | 55293 | 8.5 | 14.1 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1240 | 2.1 | 1390 | 2.4 | 13374 | 2.2 | 14518 | 2.2 | 8.6 |
| खाद्य तेल | 594 | 1.0 | 770 | 1.3 | 9143 | 1.5 | 10391 | 1.6 | 13.7 |
| एफआरएम-लिक्विड | 485 | 0.8 | 542 | 0.9 | 5746 | 1.0 | 5927 | 0.9 | 3.2 |
| लौह अयस्क पेल्लेट्स/ फाइन | 6045 | 10.3 | 4182 | 7.2 | 63300 | 10.5 | 45753 | 7.0 | -27.7 |
| अन्य अयस्क | 577 | 1.0 | 755 | 1.3 | 4686 | 0.8 | 7135 | 1.1 | 52.3 |
| थर्मल कोयला | 6434 | 11.0 | 6165 | 10.6 | 63971 | 10.6 | 80001 | 12.3 | 25.1 |
| कोकिंग कोयला | 3311 | 5.7 | 2575 | 4.4 | 33067 | 5.5 | 31565 | 4.9 | -4.5 |
| अन्य कोयला | 2307 | 3.9 | 2849 | 4.9 | 21877 | 3.6 | 20088 | 3.1 | -8.2 |
| उर्वरक | 221 | 0.4 | 669 | 1.1 | 10028 | 1.7 | 6643 | 1.0 | -33.8 |
| एफआरएम-ड्राई | 607 | 1.0 | 708 | 1.2 | 7083 | 1.2 | 7971 | 1.2 | 12.5 |
| दालों को छोड़कर | 613 | 1.0 | 691 | 1.2 | 1851 | 0.3 | 5817 | 0.9 | 214.3 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **खाद्यान्न** | | | | | | | | | | |
| **दालें** | | 0 | 0.0 | 88 | 0.2 | 256 | 0.0 | 615 | 0.1 | 140.4 |
| **चीनी** | | 341 | 0.6 | 401 | 0.7 | 3509 | 0.6 | 3064 | 0.5 | -12.7 |
| **सीमेंट** | | 314 | 0.5 | 241 | 0.4 | 2777 | 0.5 | 2365 | 0.4 | -14.9 |
| **लोहा और इस्पात** | | 781 | 1.3 | 912 | 1.6 | 9989 | 1.7 | 10421 | 1.6 | 4.3 |
| **परियोजना कार्गो** | | 48 | 0.1 | 98 | 0.2 | 524 | 0.1 | 741 | 0.1 | 41.5 |
| **कंटेनर** | **टन** | 13727 | 23.5 | 13124 | 22.5 | 127927 | 21.2 | 152337 | 23.4 | 19.1 |
| | **टीईयू (हजार में)** | 927 | - | 887 | - | 8560 | - | 10221 | - | 19.4 |
| **अन्य** | | 4762 | 8.1 | 5025 | 8.6 | 52448 | 8.7 | 58897 | 9.1 | 12.3 |
| **कुल** | | **58430** | **100** | **58236** | **100** | **602788** | **100** | **649821** | **100** | **7.8** |


**स्रोत:- पत्तन आंकड़ा प्रबंधन पोर्टल (पीडीएमपी), पोत परिवहन मंत्रालय पी – अनंतिम**

## अप्रैल- फरवरी, 2021-22 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात

- अप्रैल-फरवरी, 2021-22 के दौरान महापत्तनों में दीनदयाल पत्तन ने 20.7% हिस्से के साथ 102.8 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद पारादीप पत्तन (13.5%), जेएनपीटी (13.1%), विजाग पत्तन (8.7%), चेन्नई पत्तन (7.6%), एसएमपी हल्दिया डॉक (6.7%), मुंबई पत्तन (6.5%), एनएमपीटी (5.2%), वीओसी पत्तन (4.3%), कोचिन पत्तन (4.1%), कामराजार पत्तन (4.0%), मुरगांव पत्तन (2.9%) और एसएमपी कोलकाता डॉक (2.7%) आते हैं। (**ग्राफ-II**)




- अप्रैल-फरवरी, 2021-22 के दौरान महापत्तनों में 24.1% हिस्से के साथ पारादीप पत्तन ने 37.0 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद मुंबई पत्तन (14.3%), विजाग पत्तन (12.5%), कामराजार पत्तन (9.5%), दीनदयाल पत्तन (9.2%), कोचिन पत्तन (7.0%), वीओसी पत्तन (6.3%), एनएमपीटी (5.7%), चेन्नई पत्तन (4.2%), एसएमपी हल्दिया (3.5%), जेएनपीटी (2.4%), मुरगांव पत्तन (1.3%) और एसएमपी कोलकाता (0.2%) आते हैं। (**ग्राफ-III**)


Graph-III Port-wise share of Coastal cargo handled during April-February, 2021-22
DPT/KPT 9.2%
SMP KDS 0.2%
SMP HDC 3.5%
JNPT 2.4%
MbPT 14.3%
PPT 24.1%
MPT 1.3%
NMPT 5.7%
VPT 12.5%
CPT 7.0%
V.O.C 6.3%
ChPT 4.2%
KAM 9.5%

******************************